अमर उजाला 12/09/2025

# क्विज में साक्षी, मंजोत कौर ने बाजी मारी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन का संचालन कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सीपी पुनिया के मार्गदर्शन में किया गया।

## जीएमएन कॉलेज में प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान तथा वक्तत्व्य कौशल का परिचय देते हुए क्विज, वाद–विवाद, भाषण एवं मोनो एक्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में साक्षी, मंजौत कौर व तृप्ति ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में करण, मोनो एक्ट प्रतियोगिता में ऋतिका ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई दी। संवाद